# AZADI KA AMRIT MAHOTSAV 2021

1.Ahinsa Day Celebration in the College



Ahinsha dav celebration

2. Matdan Jagrukta Diwas

## मतदान का महत्व बताते हुए किया प्रेरित



चिमनपुरा कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्टिवल में मौजूद विद्यार्थी व संकाय सदस्य।

**शाहपुरा @ पत्रिका.** चिमनपुरा स्थित बाबा भगवानदास राजकीय महाविद्यालय व बीएनडी राजकीय कला महाविद्यालय में राज्य सरकार के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को एक दिवसीय यूथ फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीएलओ बिहारीलाल स्वामी व सुपरवाइजर पवन कुमार चौधरी ने उपस्थित विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नामांकन जुड़वाने संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में 98 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। कार्यक्रम में बीएनडी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता माथुर ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान इएलसी क्लब की संयोजिका डॉ. चंचल, डॉ. रजनी माथुर, डॉ. उर्मिला, डॉ. नवीना भारतीय, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. ज्योति गुप्ता समेत कई शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। (एसं)

दैनिक भास्कर जयपुर जिला शाहपुरा 19-11-2021







## नवमतदाता मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं

## निर्वाचन विभाग ने रखा यूथ फेस्टिवल

जागरुकता कैम्प | बीबीडी और बीएनडी राजकीय महाविद्यालय

# मोबाइल एप से घर बैठे मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं नाम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



चिमनपुरा के बीबीडी कॉलेज में मतदाता जागरुकता शिविर में मौजूद संकाय सदस्य व विद्यार्थी।

**शाहपुरा.** अब मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। कॉलेजों में विद्यार्थियों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। चिमनपुरा के बाबा भगवानदास राजकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सोमवार को एक दिवसीय कलस्टर शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई। ईएलसी क्लब संयोजक डॉ. चंचल कराड़िया ने विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण एप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल एप से फोटो, आधार कार्ड की फोटोकॉपी, जन्मतिथि प्रमाण पत्र व स्थायी पते के दस्तावेजों के माध्यम से घर बैठे भी मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

प्राचार्य डॉ. रजनी माथुर ने कहा कि वर्तमान में तकनीकी युग है। आज बहुत सारी सुविधाएं हमारे मोबाइल में आ गई हैं। इसका लाभ लेना चाहिए। इस मौके पर संकाय सदस्य डॉ. सीपी सिगड़, डॉ.आरसी मीणा, डॉ.सुनीता गुप्ता, डॉ.अमीत देव सिंह ने वीएचए के माध्यम से विद्यार्थियों को पंजीकरण विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कई विद्यार्थी मौजूद रहे।(का.सं)

**बीएनडी राजकीय कला कॉलेज में भी मतदाता जागरुकता कैम्प आयोजित:** इसी प्रकार चिमनपुरा के बीएनडी राजकीय कला महाविद्यालय में भी प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत के निर्देशन में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाता जागरुकता कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिनेश मीणा ने वोटर हैल्पलाइन एप के बारे में जानकारी दी। डॉ. नवीना भारतीय ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि जिन विद्यार्थियों की आयु 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे आवश्यक रूप से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशीष शर्मा, बृजमोहन यादव, एमडी गुर्जर, डॉ. हंसा शर्मा, प्रहलाद सहाय वर्मा सहित कई संकाय सदस्य व विद्यार्थी मौजूद थे। (का.सं)

3.No Tobacco Day



आजादी का अमृत महोत्सव

# विद्यार्थियों ने ली सत्य निष्ठा और धूम्रपान नहीं करने की शपथ

चिमनपुरा के बीबीडी कॉलेज में सत्यनिष्ठा और धूम्रपान नहीं करने की शपथ लेते विद्यार्थी व संकाय सदस्य।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

शाहपुरा. चिमनपुरा के बीबीडी राजकीय महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सोमवार को सत्य निष्ठा से आत्म निर्भरता, धूम्रपान, तम्बाकू उत्पाद निषेध सहित अन्य विषयों पर जागरुकता कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई।

राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर भी आयोजित किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कविता जैन ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया और धूम्रपान और तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलवाई। इस दौरान आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा पायल मीणा प्रथम, काजल बुनकर, मनीषा सैनी व काजल जाटव संयुक्त रूप से द्वितीय और कोमल कंवर तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान संकाय सदस्य डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. सुनीता यादव व डॉ. विनिता शर्मा निर्णायक रही। डॉ. माला अग्रवाल ने धूम्रपान के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. पीताम्बर शर्मा व डॉ. शालिनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना तथा श्रमदान के महत्व को समझाया। धूम्रपान, तम्बाकू उत्पाद निषेध कार्यक्रम की संयोजक डॉ. चंचल कराड़िया ने भविष्य में होने वाली गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

डॉ. गजेन्द्र गुप्ता ने विद्यार्थियों से विषय परख परिचर्चा की। कार्यक्रम में 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम संयोजक डॉ. रजनी माथुर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। (का सं.)

4.Plantation



## 5.Cleaning of Campus



## 6. Debate Competition

# चिमनपुरा में वाद विवाद प्रतियोगिता में काजल कुमावत रही प्रथम



शाहपुरा| शहर के बाबा भगवानदास राजकीय महाविद्यालय चिमनपुरा में वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

**कार्यालय संवाददाता** | शाहपुरा

शहर के बाबा भगवानदास राजकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिमनपुरा में बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सामाजिक समरसता में जवाहर लाल नेहरु का योगदान विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रथम स्थान पर काजल कुमावत, द्वितीय स्थान पर देवराज गुर्जर, तृतीय स्थान पर अंबिका सामरिया रही। निर्णायक की भूमिका डा.सीपी सिगार व डा. सुनील गर्ग ने निभाई। कार्यक्रम में डा. माला अग्रवाल, डा. पिताम्बर शर्मा ने विचार रखे। मंच संचालन डा. शालिनी ने किया। प्राचार्य डा. डीके सिंह ने सामाजिक समरसता में पंडित नेहरु के योगदान पर प्रकाश डाला। संयोजिका डा.रजनी माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डा.नीलम गुप्ता, डा. मृदुला चतुर्वेदी, डा. अर्चना वर्मा, डा. सुनीता गुप्ता, डा.अमीश देव सिंह, डा. गजेंद्र गुप्ता, डा. आरसी मीणा, डा. रजश्री, डा.मधु अग्रवाल, डा. ज्योति, डा. सुरक्षा, डा. उषा शर्मा मौजूद रहे।

## 7.Yoga-Fitness ki Dose, Adha Ghanta Roz

**कॉलेज के संकाय सदस्यों ने किया व्यायाम व योग**

शाहपुरा। बाबा भगवानदास राजकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिमनपुरा में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत गुरूवार को फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज का आयोजन हुआ। प्राचार्य डा.डीके सिंह ने बताया कि स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क के भाव को विद्यार्थियों के अंतर्गत बढ़ावा देने के लिए सभी संकाय सदस्यों ने शारीरिक व्यायाम व योग के छायाचित्र सोशल मीडिया के माध्यम से साझा कर प्रेरणा प्रदान करने का कार्य किया। 5:22 PM

## 7.Soch Ki Azadi

कार्यालय प्राचार्य, बी.बी.डी.राजकीय महाविद्यालय, चिमनपुरा (शाहपुरा), जयपुर (राजस्थान) E-mail I.D. : bbdcollege@rediffmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक :

दिनांक: 18.10.2021

**आजादी का अमृत महोत्सव**

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'स्ट्रीट आर्ट एण्ड ट्रेडिशनल पेटिंग सोच की आजादी' चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। महाविद्यालय में कार्यरत् समस्त अधिकरी/कर्मचारी/विद्यार्थी स्वयं एवं परिचितों द्वारा सृजित पेटिंग/चित्र को साझा करके इस कार्यक्रम में भाग लेकर ''आजादी अमृत महोत्सव'' में अपना योगदान प्रदान करें।

(डॉ. रजनी माथुर)
संयोजक

प्राचार्य
18-10-21